Class- 6th (EM)

Date 16/01/2024

Hindi -II

पाठ - 10 क्रिया और काल

1\. मौखिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) क्रिया किसे कहते है ?

उत्तर - जो पद किसी कार्य के करने या होने का बोध कराए, उसे क्रिया कहते है।

उदाहरण - रोना, सोना, पढ़ना, खाना आदि।

(ख) क्रियाओ का रुप किस आधार पर परिवर्तित होता है ?

उत्तर- क्रियाओ का प्रयोग जब वाक्य मे होता है तब इनका लिंग, वचन, और कारक के आधार पर रुप परिवर्तित होता है।

(ग) सकर्मक और अकर्मक क्रिया मे मूलभूत अंतर बताइए।

उत्तर- सकर्मक क्रिया कर्म सहित होता है और अकर्मक क्रिया कर्म रहित होता है।

उदाहरण — मोर नाचता है। (अकर्मक क्रिया)

मोर → कर्ता, नाचता → क्रिया

गीता खाना खाती है। (सकर्मक)

गीता → कर्ता, खाना → कर्म, खाती → क्रिया

Date
Page

(घ) सकर्मक क्रिया के भेदों के नाम बताइए।
उ०:- सकर्मक क्रिया के दो भेद है।
1- एककर्मक क्रिया
2- द्विकर्मक क्रिया

काल

प्र० (क) काल किसे कहते है? इसके कितने भेद है।
उ०:- **काल :-**
क्रिया के जिस रुप से उसके होने के समय का पता चले उसे काल कहते है।

इसके तीन भेद है।
1- भूत काल
2- वर्तमान काल
3- भविष्यत् काल

(ख) वर्तमान काल किसे कहते है?
उत्तर- क्रिया के जिस रुप से उसके वर्तमान काल मे होने का बोध हो रहा हो उसे वर्तमान काल कहते है।
जैसे - मैं खाना खा रहा हूँ।
माधव खेलता है।

Date
Page

(ग) भूतकाल किसे कहते है ?

उ०:- क्रिया के जिस रूप से उसके बीते हुए समय मे क्रिया के होने का पता चलता है उसे भूतकाल कहते है।

जैसे- मैं खाना खा चुकी थी
उन्होंने नाटक देख लिया था